दिनांक : 25-07-2024 समय : 02-10 pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री–कोयम्बटूर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दक्षिण भारतीय उद्योगपति मध्यप्रदेश में औद्योगिक इकाइयां प्रारंभ कर प्रदेश के द्वारा उद्योगपतियों को प्रदान की जा रही सहूलियतों का लाभ लें। इससे मध्यप्रदेश के लोगों के लिये भी रोजगार के नवीन अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज कोयम्बटूर में " इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अर्पोच्यूनिटिज इन मध्यप्रदेश" का शुभारंभ करेंगे। इस सेशन में अब तक 700 से अधिक निवेशकों और उद्यमियों ने पंजीयन कराया है। यह आयोजन फरवरी 2025 में होने वाली "इन्वेस्ट मध्यप्रदेश: ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट" के रोड–टू–जीआईएस श्रृंखला का हिस्सा है। इन्वेस्ट एमपी इंटरेक्टिव सत्र में उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन, नवाचार और सतत् विकास की गतिविधियों की जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव टेक्सटाइल एवं गारमेंट, इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश के लिए उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे।

....

पीएम जन–मन योजना–बिजली

पीएम जन–मन योजना में प्रदेश में रह रहे बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजाति के परिवारों को बिजली कनेक्शन देने का काम किया जा रहा है। इन तीनों विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिये बजट में प्रदेश सरकार ने 100 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। पीएम जन–मन के अधीन ऊर्जा विभाग की हर घर बिजली प्रदाय योजना में दो चरणों में 27 हजार 356 लक्षित परिवारों को घरेलू बिजली कनेक्शन दिये जायेंगे। पहले चरण में 10 हजार 952 परिवारों को बिजली कनेक्शन देने का काम 15 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। दूसरे चरण में 16 हजार 404 परिवारों को बिजली कनेक्शन देने का काम 31 दिसम्बर तक पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है।

....

प्रधानमंत्री करगिल विजय दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25वें करगिल दिवस के अवसर पर कल करगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। श्री मोदी सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री शिनकुनला सुरंग परियोजना का वर्चुअल रूप से पहला विस्फोट भी करेंगे। यह चार किलोमीटर से अधिक लम्बी ट्विन ट्यूब सुरंग लेह को सभी परिस्थितियों में देश के अन्य हिस्सों से जोडेगी। लगभग 15 हजार आठ सौ फीट की ऊंचाई पर बनाई जाने वाली यह सुरंग दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी।

....

कारगिल दिवस–भोपाल

कारगिल दिवस का रजत जयंती समारोह कल 26 जुलाई को भोपाल स्थित शौर्य स्मारक पर आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे. समारोह में एनसीसी कैडेटस कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ एनसीसी संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के साथ निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल अजय कुमार महाजन भी अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

....

मूंग उपार्जन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने निर्देश दिये हैं कि उपार्जन की हुई मूंग निर्धारित मानकों से खराब गुणवत्ता की पाये जाने पर वेयर हाउस संचालक और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। यही नियम ई–उपार्जन पोर्टल पर दर्ज मात्रा से भिन्न पाये जाने पर लागू होंगे।

मूंग और उड़द के भंडारण में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता में कमी को रोकने के लिए श्री राजपूत ने संबंधित विभागों से समन्वय कर राज्य स्तरीय दल बनाने और जांच करने के निर्देश दिये हैं । जांच दल गोदामों में भंडारित मूंग–उड़द की गुणवत्ता और मात्रा की जांच करेंगे।

....

मौसम

प्रदेश में बारिष का दौर जारी है। अब तक इस मानसून सीजन की 35 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। लगातार बारिश के कारण नर्मदा का जलस्तर 2 फीट बढ़ गया है। दूसरी नदियों और बांधों में भी लगातार पानी का लेवल बढ़ रहा है। इस वजह से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मौसम विभाग ने आज भी भोपाल, जबलपुर समेत 18 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी है।

सीजन में पहली बार प्रदेश में बारिश का आंकड़ा औसत बारिश के बराबर आया है। प्रदेश में 14.6 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक इतनी ही बारिश होनी चाहिए थी। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से– भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर–चंबल संभाग में एवरेज से 4 प्रतिशत ज्यादा पानी गिर चुका है जबकि पूर्वी हिस्से– रीवा, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग में 5 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पन्ना में कल राजू गौड़ नाम के मजदूर को 19.22 केरेट का बेशकीमती नायाब हीरा खुदाई में मिला है। इस हीरे की कीमत लाखों में बताई जा रही है। पन्ना कलेक्टर ने बताया की मजदूर को उथली हीरा खदान की खुदाई में प्राप्त हीरा को कार्यालय जिला हीरा अधिकारी में जमा कराया गया ळें
- नर्मदापुरम जिले में आदिवासी बाहुल्य केसला विकास खंड प्राथमिक और माध्यमिक शाला में अध्यापन कार्य करा रहे षिक्षकों के लिए शिक्षक प्रेरणा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है।
- शिवपुरी जिले में आमजन को मिलावट की जानकारी देने के लिए चलित खाद्य प्रयोगशाला विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर रही है। आज यह तहसील तहसील करैरा में ग्रामीण क्षेत्र तथा हाट बाजार मेला में भ्रमण करेगी।

....